**B.A. (Honours) Examination, 2019**
**Semester-II (CBCS)**
**Hindi (Honours)**
**Course : CC-4**
(आधुनिक हिन्दी कविता)

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 60**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3×8=24

क) यह महादंभ का दानव—
पीकर अनंग का आसव—
कर चुका महा भीषण रव,
सुख दे, प्राणी को मानव
तज विजय पराजय का कुढंग।

ख) नहीं जानता, युग विवर्त्त में होगा कितना जन क्षय,
पर, मनुष्य को सत्य अहिंसा इष्ट रहेंगे निश्चय!
नव संस्कृति के दूत! देवताओं का करने कार्य
मानव आत्मा को उबारने आये तुम अनिवार्य!

ग) दिये हैं मैंने जगत् को फूल-फल,
किया है अपनी प्रथा से चकित-चल;
पर अनखर था सकल पल्लवित पल–
ठाठ जीवन का वही
जो ढह गया है।

घ) उगे अरुणाचल में रवि
आयी भारती-रति कवि-कंठ में,
क्षण-क्षण में परिवर्तित
होते रहे प्रकृति-पट,
गया दिन, आयी रात,
गयी रात, खुला दिन,
एक ही संसार के बीते दिन, पक्ष, मास,
वर्ष कितने ही हजार–
जागो फिर एक बार!

ङ) गल जाता लघु बीज असंख्यक नश्वर बनाने को;
तजता पल्लव वृंत पतन के हेतु नये बिकसाने को;
मिटता लघु फल प्रिय देखो कितने युग कल्प मिटाने को;
भूल गया जग भूल विपुल भूलोंमय सृष्टि रचाने को;

P.T.O.

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×12=36

   क) पठित कविताओं के आधार पर जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

   ख) 'प्रथम रश्मि' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

   ग) 'निराला' के काव्य-सौंदर्य का विवेचन कीजिए।

   घ) पंत के काव्य-वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

   ङ) "महादेवी वर्मा में पीड़ा, आशा, करुणा एवं वेदना का समाहार है।" पठित कविताओं के आधार पर इस कथन की सार्थकता की पुष्टि कीजिए।